# पंचदश

# बिहार विधान-सभा

## पंचम सत्र

## तारांकित प्रश्न

वर्ग-4

बृहस्पतिवार, तिथि 09 चैत्र, 1934 (श०) / 29 मार्च, 2012 (ई०)

प्रश्नों की कुल संख्या—151

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (1) नगर विकास एवं आवास विभाग | .. | .. | .. | 48 |
| (2) राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग | .. | .. | .. | 18 |
| (3) कृषि विभाग | .. | .. | .. | 08 |
| (4) पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग | .. | .. | .. | 17 |
| (5) खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग | .. | .. | .. | 11 |
| (6) लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग | .. | .. | .. | 44 |
| (7) सहकारिता विभाग | .. | .. | .. | 04 |
| (8) विधि (धार्मिक न्यास) विभाग | .. | .. | .. | 01 |
| | | | कुल योग | 151 |

लाभ देना

''क''-*970. श्री विनय कुमार सिंह--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत सोनपुर विधान-सभा के सोनपुर नगर पंचायत एवं दिघवारा नगर पंचायत में गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले की संख्या 4 प्रतिशत है, जिनके पास लाल कार्ड पीला कार्ड भी है;

(2) क्या यह बात सही है कि सरकार द्वारा प्रत्येक बी०पी०एल० परिवारों को एक-एक इंदिरा आवास बनाने का निर्णय वर्ष 2005 में लिया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त दोनों नगर पंचायत के बी०पी०एल० परिवारों को इंदिरा आवास योजना का लाभ देने हेतु कौन-सी कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

शवदाह गृह का निर्माण

''ख''-*1274. श्री जनक सिंह--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत मढ़ौड़ा अनुमंडल में विद्युत ताप शवदाह गृह नहीं है;

(2) क्या यह बात सही है कि सरकार द्वारा प्रत्येक अनुमंडल में एक विद्युत ताप शवगृह निर्माण करने हेतु वर्ष 2009 में निर्णय लिया गया था;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त अनुमंडल में विद्युत ताप शवदाह गृह का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

शवदाह गृह का निर्माण

''ग''-*1676. श्री रमेश ऋषिदेव--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार द्वारा प्रत्येक अनुमंडल में एक विद्युत ताप शवदाह गृह का निर्माण करने हेतु वर्ष 2009 में निर्णय लिया गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिलान्तर्गत किशनगंज एवं मधेपुरा अनुमंडल में विद्युत ताप शवदाह गृह नहीं बनाया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त अनुमंडल में विद्युत ताप शवदाह गृह का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

जलापूर्ति करना

*2897. श्री रमेश ऋषिदेव--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिला में कुमारखण्ड प्रखण्ड एवं शंकरपुर प्रखण्ड में दो वर्ष पूर्व से अन्डर ग्राउण्ड पाईप लाईन द्वारा पानी उपलब्ध कराने की योजना का कार्य पूर्ण है, परन्तु उससे अभीतक जलापूर्ति नहीं की जा रही है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त अन्डर ग्राउण्ड पाईप लाईन से कबतक जलापूर्ति करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

नोट--''क''-दिनांक 17 मार्च, 2012 को सदन द्वारा ग्रामीण विकास विभाग से नगर विकास एवं आवास विभाग में स्थानान्तरित।

''ख''-दिनांक 13 मार्च, 2012 को सदन द्वारा समाज कल्याण विभाग से नगर विकास एवं आवास विभाग में स्थानान्तरित ।

''ग''-दिनांक 15 मार्च, 2012 को सदन द्वारा नगर विकास एवं आवास विभाग द्वारा लोक स्वा० अभियंत्रण विभाग में स्थानान्तरित ।

चापाकल लगाना

*2898. श्रीमती मंजू हजारी--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के रोसड़ा शिवाजीनगर एवं सिंघिया प्रखण्डों में क्रमशः उदयपुर, रानीपरती, धर्मपुर एवं कजरा वीरपुर महादलित टोलों में चापाकल नहीं रहने के कारण पेयजलापूर्ति में काफी कठिनाई होती है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त टोलों में चापाकल लगाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

नियुक्ति करना

*2899. श्री मंजीत कुमार सिंह--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना नगर निगम में सफाई निरीक्षक/मुख्य सफाई निरीक्षक की स्वीकृत पद संख्या 21 है, लेकिन कार्यरत स्वीकृत बल 5 है तथा सफाई पर्यवेक्षक बल 221 है तथा कार्यरत बल की संख्या मात्र 95 है;

(2) क्या यह बात सही है कि पटना नगर निगम में सफाई मजदूर की स्वीकृत बल 3,496 है जबकि कार्यरत बल 2,767 है तथा चालक की स्वीकृत बल 70 है तथा कार्यरत बल मात्र 16 है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सफाई निरीक्षक, मुख्य सफाई निरीक्षक, सफाई पर्यवेक्षक, चालक के कुल स्वीकृत बल की संख्या में नियुक्ति करने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

चापाकल लगाना

*2900. डॉ० अब्दुल गफूर--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला अन्तर्गत नवहट्टा प्रखण्ड के केदली, नवला एवं सतोर पंचायतों के कई गांव कोशी नदी में कट जाने के कारण वहां के विस्थापितों को पेयजल की समुचित सुविधा नहीं है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त विस्थापितों को पेयजल की सुविधा हेतु चापाकल लगाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

पानी टंकी चालू करना

*2901. श्री बृज किशोर सिंह--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत मोतीपुर प्रखण्ड के बरूराज, जुनेदा, बरूराज पूर्वी एवं बरूराज पश्चिमी के पानी टंकी का निर्माण 15 वर्ष पूर्व किया गया है जिसे आजतक चालू नहीं किया गया है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त पानी टंकी को चालू कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

पशु तस्करी की रोकथाम

*2902. श्री विक्रम कुँवर--दिनांक 1 नवम्बर, 2011 को स्थानीय दैनिक समाचार-पत्र में प्रकाशित ''पशु तस्करों का हरिहांस सुरक्षित जोन'' शीर्षक को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीवान जिला के हुसैनगंज थाना क्षेत्र का हरिहांस गांव पशु तस्करों का सबसे सेफजोन बना हुआ है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त ग्राम के ग्रामीणों द्वारा इसकी शिकायत वर्ष दिसम्बर, 2011 को जिलाधिकारी, सीवान से करने के बाद भी इसपर कोई कार्रवाई नहीं की गई है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त जिले में पशु तस्करी की रोकथाम हेतु कौन-सी कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

दुग्ध शीतक केन्द्र खोलना

*2903. श्री रण विजय कुमार--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत गोह प्रखण्ड के 95 प्रतिशत किसानों का मुख्य पेशा कृषि एवं पशुपालन है;

(2) क्या यह बात सही है कि गोह में या 40 कि०मी० दूरी में कहीं भी दुग्ध शीतक केन्द्र नहीं है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार गोह प्रखण्ड मुख्यालय में दुग्ध शीतक केन्द्र खोलना चाहती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

कृषि विज्ञान केन्द्र की स्थापना

*2904. श्री विजय कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि किसानों के हितों को ध्यान में रखकर वर्ष 2010 में कृषि कैबिनेट में कृषि विज्ञान केन्द्र की स्थापना प्रत्येक जिला में करने का निर्णय किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिला कृषि प्रधान जिला है जहां दियारा एवं टाल क्षेत्र में भी खेती की जाती है, परन्तु टाल, दियारा क्षेत्र में कृषि विज्ञान केन्द्र की स्थापना नहीं की गई है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार प्रखण्ड स्तर पर कृषि विज्ञान केन्द्र की स्थापना करने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

पानी टंकी चालू करना

*2905. श्री विनय बिहारी--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि प० चम्पारण जिले के योगापट्टी प्रखण्ड अन्तर्गत मच्छरगांवा बाजार में स्वच्छ पेयजल जलापूर्ति योजना अन्तर्गत तीस वर्ष पहले पानी टंकी का निर्माण कराया गया था, जिससे 2 वर्षों तक स्थानीय वासियों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया गया;

(2) क्या यह बात सही है कि निर्माण के दो वर्ष बाद पानी टंकी से जलापूर्ति बाधित हो गयी जिसके कारण आम लोगों का शुद्ध पेय जलापूर्ति में कठिनाई होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त पानी टंकी को जनहित में शीघ्र चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

शौचालय बनाना

*2906. श्री (मो०) जावेद--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला के अन्तर्गत किशनगंज प्रखण्ड के किशनगंज शहर के सब्जी मंडी में सार्वजनिक शौचालय नहीं है, जिससे लोगों को काफी परेशानी होती है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त सब्जी मंडी में सार्वजनिक शौचालय बनाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

जमाबन्दी एवं रसीद कटवाना

*2907. श्री सोनेलाल हेम्ब्रम--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बांका जिला के बौंसी प्रखण्ड के अन्तर्गत चान्दन जलाशय योजना (लक्ष्मीपुर डैम) का निर्माण होने पर ग्राम एशोनीया के विस्थापित 87 आदिवासी परिवार को ग्राम गहएजोर पंचायत सापड़हर प्रखण्ड बौंसी में सिंचाई विभाग द्वारा 240 एकड़ जमीन खरीदकर वर्ष 1968 में बसाया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विस्थापित परिवारों को सिंचाई विभाग द्वारा मात्र नक्शा एवं खतियान दिया गया लेकिन लोगों के नाम से जमीन रजिस्ट्री एवं जमाबन्दी कायम नहीं किया गया;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विस्थापित 87 परिवार को जमीन की जमाबन्दी एवं रसीद कटवाने का विचार रखती है यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

नालों की सफाई

*2908. श्रीमती रेणु देवी--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि प० चम्पारण जिला स्थित मुख्यालय, बेतिया नगर में नालों की नियमित रूप से सफाई नहीं किये जाने से वहां के लोगों को काफी कठिनाई होती है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त नालों की सफाई कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक और नहीं, तो क्यों ?

---------

चापाकल लगाना

*2909. श्रीमती (डॉ०) उषा विद्यार्थी--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि खराब पड़े चापाकल को उखाड़कर उस जगह पर नया चापाकल लगाने का प्रावधान है;

(2) क्या यह बात सही है कि पटना के पालीगंज विधान-सभा क्षेत्र में बन्द 200 चापाकल के स्थान पर नया चापाकल अभीतक नहीं लगाया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त बन्द चापकलों के स्थान पर नया चापाकल कबतक लगाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पशु चिकित्सालय खोलना

*2910. श्री श्रवण कुमार--क्या मंत्री, पशुपालन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिलान्तर्गत राजगीर प्रखण्ड के बेलदार बिगहा, बेन प्रखण्ड के देवरिया, सिलाव प्रखण्ड के नीरपुर, नूरसराय प्रखण्ड के अजयपुर, नीरपुर, बेलसर गाँवों में बड़े पैमाने पर पशुपालन एवं डेयरी चलाया जाता है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त गाँवों में पशुओं के चिकित्सा की समुचित व्यवस्था नहीं है और न ही चिकित्सालय है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार पशुओं की समुचित चिकित्सा हेतु चिकित्सालय खोलने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

नाला का निर्माण

*2911. डॉ० फैयाज अहमद--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला स्थित मधुबनी जिला परिषद् के वार्ड 22 से 24 अंतर्गत भौआरा में जल निकासी की कोई समुचित व्यवस्था नहीं होने से उक्त इलाके में सालों भर जल-जमाव की समस्या बनी रहती है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त वार्ड में जल निकासी हेतु स्थायी नाला का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पदस्थापन करना

*2912. श्री बृजकिशोर सिंह--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत मोतीपुर प्रखंड के बिरहिमा पशु गर्भाधान केन्द्र में पशु चिकित्सक के नहीं रहने के कारण वहां के पशुपालकों को पशु की चिकित्सा कराने में काफी कठिनाई होती है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त केन्द्र पर पशु चिकित्सक का पदस्थापन करने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

कार्य पूर्ण कराना

*2913. श्री सुरेश कुमार शर्मा--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला के नगर क्षेत्र में सिटी पार्क एवं इंदिरा प्रियदर्शनी पार्क का निर्माण कार्य विगत दो वर्षों से चल रहा है, जिसे वर्ष 2011 के अन्त तक पूर्णरूपेण तैयार कर देना था;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त दोनों पार्क का निर्माण कार्य विगत 6 माह से बन्द पड़ा हुआ है;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार दोनों पार्कों को अभीतक पूर्ण नहीं करने का क्या औचित्य है ?

---------

सुविधा बहाल करना

*2914. डॉ० इजहार अहमद--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 7 जनवरी, 2012 को प्रकाशित शीर्षक ''कीचड़ से लथफथ परिसर, यात्री शेड न शौचालय'' को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा का निजी बस पड़ाव कादिराबाद से करीब दस हजार यात्री प्रतिदिन विभिन्न जिले एवं प्रान्त के लिए यात्रा करते हैं लेकिन बस स्टैंड यात्री शेड, शौचालय, पेयजल एवं प्रकाश आदि की व्यवस्था नहीं रहने के कारण आम लोगों को काफी दिक्कत होती है, यदि हां, तो क्या सरकार जनहित में दरभंगा के कादिराबाद निजी बस पड़ाव में उक्त सुविधा देने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

शौचालय का निर्माण

*2915. श्री रामायण मांझी--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सिवान जिलान्तर्गत दरौली प्रखंड के पचबेनिया, देवरहवा बाबा उच्च विद्यालय में शौचालय नहीं रहने के कारण 14 सौ छात्राओं को शौचालय जाने में कठिनाई होती है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त उच्च विद्यालय में शौचालय का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

जीर्णोद्धार करना

*2916. श्री नितिन नवीन--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना शहर के बांसघाट में विद्युत शवदाह गृह की चिमनी ध्वस्त हो गयी है तथा भवन की भी स्थिति बिल्कुल जर्जर है, जिससे शवदाह का काम विगत दो वर्षों से बाधित है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त शवदाह गृह का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

कारगर कदम उठाना

*2917. श्री अमरेन्द्र प्रताप सिंह--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2008 में ही आई०एच०एस०डी०पी० योजना के तहत राज्य के आरा सहित 16 शहरों में स्लम क्षेत्र में निवास कर रहे लोगों को आवास एवं अन्य बुनियादी सुविधाओं को उपलब्ध कराने हेतु 19,411.48 लाख रुपये की योजना स्वीकृत हुई थी;

(2) क्या यह बात सही है कि आरा शहर में उक्त योजना के अन्तर्गत 754 आवासों के निर्माण के लिए 3121.66 लाख रुपये की राशि विभाग को उपलब्ध करायी गयी, लेकिन 4 वर्षों के बाद भी एक भी आवास का निर्माण नहीं किया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त योजना को पूर्ण कराने हेतु कौन-सी कारगर कदम उठाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

चालू करना

*2918. श्री जनक सिंह--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत पानापुर प्रखंड मुख्यालय, तरैया प्रखंड मुख्यालय एवं इसुआपुर प्रखंड मुख्यालय में ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल हेतु पानी टंकी का निर्माण किया गया है, यदि हां, तो सरकार कबतक उक्त टंकी को चालू करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पानी टंकी का निर्माण

*2919. श्री गिरिधारी यादव--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बांका जिलान्तर्गत सुईया बाजार की आबादी दस हजार की है, परन्तु वहां शुद्ध पेयजल हेतु पानी टंकी उपलब्ध नहीं है, यदि हां, तो क्या सरकार सुईया बाजार में पानी टंकी का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

वेतन का भुगतान

*2920. श्री अख्तरुल ईमान--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला के प्रखंड कोचाधामन अंतर्गत ग्राम सोनथा, बिशनपुर एवं कोचाधामन में ग्रामीण जलापूर्ति योजना का निर्माण काल वर्ष 2008 में पूर्ण कराकर पंचायत को स्थानान्तरित कर दिया गया था, जिसे उसे चालू कर दिया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि खंड (1) में वर्णित तीनों प्लांटों में कार्यरत पंप चालकों को विगत तीन वर्षों से वेतन का भुगतान नहीं किया गया है, जिससे उनकी भुखमरी की स्थिति बन गई है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त प्लांटों के पंप संचालकों के वेतन का भुगतान करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

मुहैया कराना

*2921. श्री रत्नेश सादा--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला अन्तर्गत महिषी प्रखण्ड के ग्राम पंचायत बधवा के गण्डौल गाँव में महादलित परिवार के लोग विगत 15 वर्षों से ज्यादा अवधि से रहते हैं, फिर भी उन्हें अभीतक वासगीत पर्चा मुहैया नहीं कराया गया है;

(2) यदि उपरोक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त बधवा पंचायत के गण्डौल गाँव के महादलित परिवारों को कबतक वासगीत पर्चा मुहैया कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

आधारभूत सुविधाओं का निर्माण

*2922. श्री ललित कुमार यादव--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत सदन प्रखण्ड के जीवछघाट एवं गौसाघाट पर प्रतिवर्ष माघी एवं कार्तिक पूर्णिमा का मेला लगता है, जिससे सरकार को राजस्व के रूप में 2 लाख रुपये प्रतिवर्ष प्राप्त होता है, परन्तु यहाँ सरकार की तरफ से पेयजल, ठहरने हेतु आवास, शौचालय की व्यवस्था नहीं रहने के कारण श्रद्धालुओं को काफी कठिनाई होती है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त जीवछघाट एवं गौसाघाट पर श्रद्धालुओं के लिए आवश्यक आधारभूत सुविधाओं का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

चयनित करना

*2923. श्री पवन कुमार जायसवाल--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत ढाका प्रखण्ड का बड़हरवा सीवन, भंडार, पचपकड़ी, खरूहा, करसहिया, गहई, बरेया तथा घोड़ासहन प्रखंड का चम्पापुर, बरवाकला, गुरमिया, पुरनहिया, कवैया, भगवानपुर ग्राम दलित बहुल है, बोरिंग हेतु जमीन भी उपलब्ध है फिर भी स्वच्छ पेयजल हेतु मिनी जलापूर्ति योजना से वंचित है;

(2) यदि उपरोक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कबतक ढाका एवं घोड़ासहन प्रखंड के उक्त दलित बहुल ग्रामों को मिनी जलापूर्ति योजना के तहत चयनित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों नहीं ?

----------

जलापूर्ति कराना

*2924. श्री मनोहर प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के मनिहारी नगर में बहुद्देशीय ग्रामीण जलापूर्ति योजना 2004 में प्रारम्भ किया गया लेकिन जलापूर्ति में बाधा होती है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार मनिहारी नगर में बहुद्देशीय ग्रामीण जलापूर्ति योजना से समुचित जलापूर्ति करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

दोषी के विरुद्ध कार्रवाई

*2925. श्री केदारनाथ सिंह--क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत मढ़ौड़ा अनुमंडल के मुढ़ौड़ा, तरैया, मशरख, पानापुर, इशुआपुर, अमनौर प्रखंडों के लालबहादुर सिंह, चन्द्रज्योति देवी, यसोदन राम, राजमति देवी, लाखपति देवी, जन-वितरण के दुकानदारों से विभागीय पदाधिकारियों द्वारा राशन उठाव हेतु 1200 रु० प्रति दुकानदार की अवैध वसूली विगत एक वर्ष की गयी थी, जिसके संबंध में प्रश्नकर्ता सदस्य द्वारा विभागीय प्रधान सचिव को विगत छः माह पूर्व शिकायत की गयी थी, लेकिन इसपर आजतक कोई कार्रवाई नहीं की गयी है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार इसकी जाँच कराकर दोषी के विरुद्ध कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

समस्या से निजात दिलाना

*2926. श्री अरूण शंकर प्रसाद --स्थानीय हिन्दी दैनिक दिनांक 2 फरवरी, 2012 में प्रकाशित शीर्षक ''मार्केट कम्पलेक्स में जल-जमाव से परेशानी'' को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत नगर पंचायत जयनगर के निधि कम्पलेक्स एवं अशोक मार्केट में जल-जमाव के कारण महामारी फैलने की आशंका बनी रहती है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त मार्केट में वार्ड नं0 5 के नाले का पानी के जमाव के कारण आवागमन छः महीने बन्द रहता है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त कम्पलेक्स से पानी जमाव की समस्या से निजात दिलाना चाहती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

चापाकल लगाना

*2927. श्री राजेश्वर राज--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के काराकाट विधान-सभा क्षेत्रान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2009-10 के लिए विधायक कोटे से 21 चापाकल लगाने के लिए अनुशंसा की गयी है, जिसे आजतक कार्य पूर्ण नहीं किया गया है और जबकि संवेदक द्वारा 5 लाख राशि की निकासी कर ली गयी है, यदि हां, तो क्या सरकार इसकी जाँच कराकर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए विधायक कोटे का चापाकल लगाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

कार्य को पूरा कराना

*2928. श्रीमती मुन्नी देवी--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नगर विकास एवं आवास विभाग द्वारा भोजपुर जिलान्तर्गत नगर पंचायत, शाहपुर एवं बिहियां को प्रशासनिक भवन निर्माण हेतु प्रत्येक को 28,87,875.00 रुपया 3 वर्ष पूर्व ही उपलब्ध कराया गया है, लेकिन आजतक काम प्रारम्भ नहीं किया गया है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त कार्य को कबतक पूरा कराने का विचार रखती है ?

----------

क्षतिपूर्ति का मुआवजा

*2929. श्री अवधेश कुमार राय--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 23 जनवरी को प्रकाशित शीर्षक ''विभिन्न पंचायतों के किसान फसल मुआवजा से वंचित'' को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2011 के गंगा में आई बाढ़ में बछवाड़ा प्रखंड जिला बेगूसराय के ग्राम पंचायत चमथा एक, चहथा 2, चमथा 3, गोधना एवं गोविन्दपुर 3 पंचायत का कृषि क्षेत्र में लगी फसल पूर्णतः समाप्त हो गया;

(2) क्या यह बात सही है कि सरकार द्वारा बाढ़ में बर्बाद हुई फसल का मुआवजा देने की घोषणा करते हुए सम्बंधित पंचायतों के किसानों को कृषि सलाहकार के एस0 एम0 एस0 के माध्यम से आवेदन जमा कराने का आदेश दिया गया था;

(3) क्या यह बात सही है कि सात हजार पाँच सौ किसानों के आवेदन जमा हो चुके हैं परन्तु आजतक उन्हें मुआवजा की राशि नहीं दी गई है;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार किसानों को फसल क्षतिपूर्ति का मुआवजा देने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

निर्माण कराना

*2930. श्री अखतरूल इस्लाम शाहीन—क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नगर परिषद्, समस्तीपुर क्षेत्र में समस्तीपुर-रोसड़ा पथ, समस्तीपुर-ताजपुर पथ एवं समस्तीपुर-मुसरी-घरारी मुख्य सड़क के चौड़ीकरण एवं ऊँचीकरण हो जाने के कारण इन पथों के किनारे पूर्व में निर्मित नाले से पानी का बहाव अवरुद्ध हो गया है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार इन पथों के दोनों ओर जल निकासी हेतु नालों का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्य शुरू कराना

*2931. श्री संजय सरावगी—क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा शहर की सिवरेज एवं ड्रेनेज तथा गया व भागलपुर के जलापूर्त्ति की स्थायी निदान के लिए नगर विकास विभाग द्वारा एशियन डेवलेपमेंट बैंक के साथ वर्ष 2011 में 1426 करोड़ के ऋण हेतु सहमति-पत्र पर जुलाई वर्ष 2011 में हस्ताक्षर किया गया है, यदि हां, तो सरकार कबतक कार्य शुरू कराने का विचार रखती है ?

---

नगर परिषद् का दर्जा देना

*2932. श्रीमती (डॉ०) उषा विद्यार्थी—क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार ने बिहार राज्य के सभी अनुमण्डलीय शहरों को नगर पंचायत या नगर परिषद् का दर्जा देने का निर्णय वर्ष 2009 में लिया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि पटना के पालीगंज अनुमण्डलीय शहर होते हुए भी इस दर्जा से अभीतक वंचित है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पालीगंज को नगर पंचायत या नगर परिषद् का दर्जा देने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

पानी टंकी का निर्माण

*2933. श्री कृष्ण नन्दन पासवान—क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला अन्तर्गत हरसिद्धि प्रखण्ड के पान्नापुर रंजिता में पानी टंकी का निर्माण हेतु वर्ष 2003 में ही स्वीकृति मिली, जिसके लिए भूमि अधिग्रहित भी किया गया है, लेकिन अभीतक पानी टंकी का निर्माण नहीं शुरू हुआ है;

(2) यदि उपरोक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त स्थल पर पानी टंकी का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

चौड़ीकरण एवं मरम्मती करना

*2934. मो० आफाक आलम—क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियां जिला के पूर्णियां नगर निगम, गीरजा चौक से श्रीनगर प्रखंड होते हुए अररिया जिला रानीगंज प्रखंड को जोड़ने वाली सड़क संकीर्ण है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पथ विगत 5 वर्षों से जर्जर होने के कारण जनता को आवागमन में कठिनाई होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त पथ का चौड़ीकरण एवं मरम्मती कराने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

जलापूर्ति योजना चालू करना

*2935. श्री प्रेमरंजन पटेल—क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिलान्तर्गत पिपरिया प्रखण्ड के मोहनपुर में ग्रामीण जलापूर्ति योजना की स्वीकृति विगत तीन वर्ष पूर्व दी गयी थी, परन्तु अबतक निर्माण कार्य नहीं हुआ है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त जलापूर्ति योजना के अन्तर्गत निर्माणाधीन पानी टंकी सहित अन्य कार्य अभीतक पूर्ण नहीं किया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पिपरिया स्थित जलापूर्ति योजना को चालू कराने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

शौचालय का निर्माण

*2936. श्रीमती नीता चौधरी—क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला के तारापुर प्रखण्ड के अन्तर्गत तारापुर एवं हवेली खड़गपुर प्रखण्ड के अन्तर्गत हवेली खड़गपुर में बस स्टैण्ड है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त दोनों बस स्टैण्ड में अभीतक महिलाओं के लिए कोई सार्वजनिक महिला शौचालय का निर्माण नहीं किया गया है, जिसके कारण महिला यात्रियों को काफी परेशानी होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त दोनों बस स्टैण्डों में सार्वजनिक महिला शौचालय के निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

जलापूर्ति योजना चालू करना

*2937. श्री पवन कुमार जायसवाल—क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत ढाका नगर पंचायत के निर्मित पानी टंकी से जलापूर्ति विगत 8 वर्ष से नहीं हो रहा है जिसके फलस्वरूप वहां के नागरिकों को काफी कठिनाई होती है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कबतक ढाका नगर पंचायत के जलापूर्ति योजना को जनहित में चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

तालाबों की उड़ाही

*2938. डॉ० रंजु गीता—क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य पालन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत बाजपट्टी प्रखण्ड के मधुबन-बसहा (पश्चिमी) पंचायत के ग्राम बसहा में सरकारी तीन तालाब क्रमशः 5 एकड़, 3 एकड़ एवं 2 एकड़ का है, नानपुर प्रखण्ड के कोयला गाँव में 35-40 एकड़ का एक तालाब और बोखड़ा प्रखण्ड के बनौल में 45-50 एकड़ का तालाबों की उड़ाही विगत 50 वर्षों से नहीं हुई है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार जनहित में कबतक वर्णित तालाबों का उड़ाही एवं सौन्दर्यीकरण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

चिकित्सक का पदस्थापन

*2939. श्री कृष्ण कुमार ऋषि--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 5 नवम्बर, 2012 को प्रकाशित ''चिकित्सक के अभाव का दंश झेल रहा मवेशी अस्पताल'' शीर्षक को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत प्रखण्ड के जानकीनगर के वार्ड 7 में स्थित हटिया टोला में मवेशी अस्पताल संसाधनों एवं चिकित्सक के अभाव में 5 वर्षों से बन्द है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त मवेशी अस्पताल में चिकित्सक का पदस्थापन कर अस्पताल को चालू कराने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

शौचालय का निर्माण

*2940. श्री अवधेश कुमार राय--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूरे राज्य में बी०पी०एल० एवं ए०पी०एल० श्रेणी के लिए शौचालय निर्माण कराने का निर्णय सरकार ने वर्ष 2008-09 में लिया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिले के बेगूसराय एवं मटिहानी प्रखंड सहित तेघड़ा, बखरी एवं मझौल अनुमंडल में यह कार्यक्रम लागू अभीतक नहीं किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त प्रखंडों में शौचालय का निर्माण कबतक कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

अतिक्रमणकारियों से मुक्त कराना

*2941. श्री अरूण कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिला स्थित पटना नगर निगम के वार्ड संख्या 47 में 18 एकड़ रकबा वाला गुणसागर तालाब जिसका खाता संख्या 438, खेसरा 661, तौजी संख्या 303 है, जिसपर अतिक्रमणकारियों द्वारा पिछले 5 वर्षों से अतिक्रमण कर लिये जाने के कारण इसका अस्तित्व समाप्त हो गया है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त तालाब को अतिक्रमणकारियों से मुक्त कराने हेतु कौन-सी कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कार्य को शीघ्र पूरा करना

*2942. श्री सम्राट चौधरी उर्फ राकेश कुमार--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत बेली रोड स्थित मौर्या पथ, खजपुरा से श्यामल हॉस्पीटल तक पक्का नाला निर्माण कार्य वर्ष 2009 से चाल रहा है जो अभीतक पूर्ण नहीं हुआ है ;

(2) यदि उपरोक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त कार्य को शीघ्र पूरा कराने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पाईप लाईन बिछाना

*2943. श्री सरफराज आलम--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही कि शेखपुरा जिलान्तर्गत शेखपुरा नगर में शुद्ध पेयजल आपूर्ति हेतु पूरे नगर में विगत वर्ष 2010 में पाईप बिछाया गया है, लेकिन मुहल्ला सकुनत के छोटी मस्जिद के आगे से उजैर आलम के घर से आने वाली गली तक पाईप लाईन नहीं बिछाया गया है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार छोटी मस्जिद, सकुनत मुहल्ला से आलम के घर से गली तक की पाईप लाईन नहीं बिछाने का क्या औचित्य है ?

सड़कों की मरम्मती

*2944. श्री नौशाद आलम--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला के ठाकुरगंज नगर पंचायत अन्तर्गत भीम बालिस चौक से भातढाला होते हुए जिले बियामोड़ तक, भातढ़ाला चौक से सिनेमा हॉल होते हुए एल०आर०पी० रोड तक जाने वाली सड़क की स्थिति विगत पाँच वर्षों से मरम्मत नहीं होने के कारण जर्जर अवस्था में हो गई है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त सड़कों का मरम्मतीकरण शीघ्र कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

यूरिया की आपूर्ति

*2945. श्री रामसेवक हजारी--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत कल्याणपुर विधान-सभा क्षेत्र के अंतर्गत प्रत्येक पैक्स में यूरिया (खाद) की 30 टन की आवश्यकता पर 7 टन दिया जाता है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त विधान-सभा क्षेत्र अन्तर्गत पैक्सों में आवश्यकतानुसार नियमित दर पर यूरिया खाद की आपूर्ति कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

लक्ष्य की प्राप्ति

*2946. श्री राम प्रवेश राय--स्थानीय हिन्दी दैनिक दिनांक 19 फरवरी, 2012 को समाचार-पत्र में प्रकाशित शीर्षक ''एन०जी०ओ० को शौचालयों के निर्माण से हटाये'' को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य और केन्द्र सरकार द्वारा शौचालयों के निर्माण में बड़ी राशि खर्च किये जाने के बाद मात्र 33 प्रतिशत ही लक्ष्य प्राप्त की गई है ;

(2) यदि उपरोक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार लक्ष्य की प्राप्ति हेतु कौन-सी कार्रवाई कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

गोदाम की मरम्मती

*2947. श्री रणधीर कुमार सोनी--क्या मंत्री, सहकारिता विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि शेखपुरा जिला के अरियरी प्रखण्ड अन्तर्गत कसार पंचायत का पैक्स गोदाम ग्राम घुसकुरी ससवहना में 20 वर्ष पूर्व निर्माण किया गया था, जो जर्जर अवस्था में हो गया है ;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त पैक्स गोदाम की मरम्मती करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

जलमीनार का निर्माण

*2948. श्रीमती (प्रो०) उषा सिन्हा—क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला के परवलपुर प्रखण्ड अन्तर्गत घनी आबादी वाले गाँव शंकरडीह में शुद्ध पेयजल हेतु जलमीनार के निर्माण का प्रस्ताव अनुमण्डल स्तर पर सारी प्रक्रिया पूरी कर प्रधान सचिव से अनुमोदन हेतु 2010 से विभाग में लम्बित है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त गाँव में ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने हेतु जलमीनार का निर्माण करना चाहती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

कूपन सहित खाद्यान्न देना

*2949. श्री नरेन्द्र कुमार सिंह उर्फ बोगो सिंह—क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला अन्तर्गत रचियाही पंचायत स्थित आकाशपुर निवासी बी०पी०एल० परिवार महेन्द्र सिंह 3418850/13155 एवं राजनीति सिंह 3418846/13120 सहित 60 परिवार को ना कूपन मिला ना ही जून, जुलाई एवं अगस्त, 2011 (तीन महीना) का खाद्यान्न ही दिया गया;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रश्नकर्ता को अपने पत्रांक 114, दिनांक 28 अगस्त, 2011 द्वारा जिलाधिकारी, बेगूसराय को सूचना देने के बाद भी कोई कार्रवाई अभीतक नहीं की गई है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त लाभार्थी को कूपन सहित खाद्यान्न देने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

भवन का निर्माण

*2950. श्री प्रमोद कुमार—क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिले के मोतिहारी प्रखंड के लखौरा मुशहर टोली के श्री चनरजीत मांझी, श्री सतीश मांझी, श्री मुकेश मांझी, श्री रामायण मांझी, श्री बैरागी मांझी, श्री राजमंगल मांझी, श्री किशोरी मांझी, श्री धुपन मांझी, श्री अमर मांझी, श्री शम्भु मांझी, श्री रामबाबू मांझी वगैरह 100 भूमिहीन महादलितों को जमीन उपलब्ध कराकर इन्दिरा आवास मोतिहारी अंचल में संचिका वर्ष 2010 से लम्बित है एवं भूमि लखौरा मुशहरी के आस-पास चिन्हित किया गया है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त महादलितों को भूमि उपलब्ध कराकर भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

जलापूर्ति करना

*2951. श्री श्याम बिहारी राम—क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला अन्तर्गत रोहतास प्रखण्ड के ढेलाबाद, रसुलपुर एवं अकबरपुर में जल मीनार का निर्माण वर्ष 2004 में किया गया था परन्तु पाईप लाइन नहीं बिछाये जाने के कारण लोग पेयजल से वंचित हैं;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर पाईप बिछाकर जलापूर्ति करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

व्यवस्था करना

*2952. श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह—क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत नवीनगर नगर पंचायत के महादलित टोला, अनन्दुआ, शंकरपुर, जनकपुर, मुट्टर बिगहा, भान खाप, भवानो खाप, कुर्मी पोखर, दास महल्ला, चमरटोली में गंदी बस्ती विकास योजना के तहत सड़क, नाला एवं रोशनी की कोई व्यवस्था नहीं किया गया है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त महादलित टोलों में सड़क, नाला एवं रोशनी की व्यवस्था करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्य पूर्ण कराना

*2953. श्री राजेश्वर राज—क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्ग विक्रमगंज अनुमण्डल के सभी प्राथमिक एवं मध्य विद्यालयों में वित्तीय वर्ष 2008-09 में 509 चापाकल लगाने की स्वीकृति मिली है, जिनमें से 93 चापाकलों को आधे-अधूरे लगाकर एवं शेष को छोड़ दिये जाने पर प्रश्नकर्ता सदस्य द्वारा वर्ष अप्रैल, 2011 में संबंधित पदाधिकारियों से शिकायत किये जाने के बावजूद भी शेष चापाकल को लगाने एवं कार्य पूर्ण नहीं किया गया है, यदि हां, तो क्या सरकार संबंधित संवेदकों एवं पदाधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए चापाकलों को लगाने एवं कार्य पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

योजना लागू करना

*2954. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह—क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि शहरी निकाय में भारत सरकार ने इन्टीग्रेटेड हाउसिंग एण्ड स्लम डेवलेपमेंट प्रोग्राम 2005 एवं राजीव आवास योजना 2009 से लागू है;

(2) क्या यह बात सही है कि अभीतक पूर्वी चम्पारण जिला के शहरी निकायों में यह योजना लागू नहीं होने से वहां के लोगों में आक्रोश व्याप्त है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त योजना को लागू करने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

विकसित करना

*2955. श्री वीरेन्द्र सिंह—क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में मत्स्य पालन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मत्स्य पालकों को प्रशिक्षित करने का निर्णय वर्ष 2009 में लिया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त निर्णय के आलोक में ''पायलट प्रोजेक्ट'' योजना के तहत राज्य के ''मॉडल हैचरी'' विकसित करने का भी प्रावधान मानकर एवं बाजार को नये मॉडल हैचरी को विकसित अभीतक नहीं किया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार गया जिला के मानपुर, वजीरगंज में ''मॉडल हैचरी'' विकसित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पानी टंकी का निर्माण

*2956. श्री बैद्यनाथ सहनी—क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत ताजपुर एवं पटोरी प्रखंड में पानी टंकी निर्माण कराने संबंधित प्राक्कलन विभाग को कार्यपालक अभियंता द्वारा छः माह पूर्व भेजा गया है, जिसकी स्वीकृति अभीतक नहीं मिली है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त प्रखंडों में पानी टंकी निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

निर्माण कराना

* 2957. श्री जितेन्द्र कुमार राय-- क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिले के मढ़ौड़ा नगर पंचायत के अधीन चन्द्रमा राय के घर से त्रिभुवन सिंह के घर होते हुए असोईया ढ़ाला तक पथ की स्थिति काफी जर्जर है जिससे क्षेत्र की जनता को आवागमन में भारी कठिनाई होती है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उपरोक्त पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

परिसंपत्तियों को नगर निकाय में करना

* 2958. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह-- क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नगरपालिका अधिनियम, 2007 की धारा 100 में प्रावधान किया गया है कि नगर निकाय क्षेत्र अन्तर्गत जिला परिषद् का कार्यालय एवं आवास छोड़कर बाकी सभी चीजों पर जिला परिषद् की मिलकियत नहीं होगी;

(2) क्या यह बात सही है कि अभीतक नगर निकाय के अधिकांश परिसंपत्तियों यथा सार्वजनिक पथ, पेड़, जलाशय, बाजार, उद्यान, नदी धाराए, श्मशान,पशु वधशाला आदि पर जिला परिषद् का ही अधिकार है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार नगर निकाय क्षेत्र के परिसंपत्तियों को नगर निकाय में करने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

जलापूर्ति नियमित करना

* 2959. श्री गिरिधारी यादव-- क्या मंत्री, स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बांका जिलान्तर्गत बेलहर प्रखंड के बेलहर चौक पर वर्ष 1986 में पेयजल सुविधा हेतु पानी टंकी का निर्माण कराया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त टंकी तीन (3) वर्ष तक चालू रहने के बाद जलापूर्ति बाधित हो गई है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त पानी टंकी को चालू कर नियमित जलापूर्ति कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

शौचालय का निर्माण

* 2960. श्री दिनेश कुमार सिंह-- क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के जगदीशपुर, पीरो, बिहियां एवं तरारी प्रखंड मुख्यालय पर सार्वजनिक शौचालय नहीं रहने के कारण लोगों को काफी कठिनाई होती है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त प्रखंड मुख्यालयों पर सार्वजनिक शौचालय का निर्माण कराने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पानी टंकी चालू करना

* 2961. श्रीमती कविता कुमारी-- क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीवान जिलान्तर्गत दरौंदा प्रखंड के जलालपुर गाँव में विगत एक वर्ष पूर्व पानी टंकी का निर्माण संबंधित विभाग द्वारा कराया गया है जिसे आजतक चालू नहीं किया गया है जिससे आम जनता को काफी कठिनाई होती है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त गाँव में पानी टंकी को चालू कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

जलापूर्ति कराना

* 2962. डॉ० जावेद इकबाल अंसारी-- क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बांका जिलान्तर्गत बाराहार प्रखंड के मुख्यालय में ग्रामीण जलापूर्ति पाईप लाईन योजना वर्ष 2007 में ही पूरा किया गया है लेकिन उससे पेयजल की आपूर्ति अभीतक नहीं की जा रही है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त पाईप योजना से जलापूर्ति कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

लम्बित कार्य पूरा करवाना

* 2963. श्री अरूण शंकर प्रसाद-- क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला में वित्तीय वर्ष 2010-11 में विभिन्न कार्यक्रमों के अन्तर्गत नये चापाकल का निर्माण हेतु 3062 लम्बित चापाकलों से वर्ष 2011-12 में 2010 चापाकल लगाये गये हैं तथा 1052 शेष लम्बित है;

(2) यदि उपरोक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कबतक उक्त लम्बित चापाकलों को पूरा करवाने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

योजना चालू करवाना

* 2964. श्री प्रदीप कुमार-- क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत वारिसलीगंज प्रखंड में ग्राम चकवाय में पेय जलापूर्ति योजना वर्ष 1993 से बन्द पड़ा है जिससे वहां के नागरिकों को पेय जलापूर्ति में काफी कठिनाई होती है;

(2)यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त बंद पड़े पेय जलापूर्ति योजना को चालू करवाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

नगर पंचायत का दर्जा देना

* 2965. श्री अनिरूद्ध प्रसाद यादव-- क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सुपौल जिलान्तर्गत राघोपुर नगर पंचायत बनने की सभी अर्हता पूरा करता है;

(2) क्या यह बात सही है कि जिला पदाधिकारी, सुपौल के पत्रांक 4562, दिनांक 29 दिसम्बर, 2009 के द्वारा राघोपुर को नगर पंचायत बनाने की अनुशंसा विभाग को भेजा गया है जो अभीतक लम्बित है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक राघोपुर को नगर पंचायत का दर्जा प्रदान करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

रिक्त पदों को भरना

*2966. श्री प्रदीप कुमार--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूरे प्रदेश में राजस्व कर्मचारियों को 4418 पद के विरुद्ध 1800 कर्मचारी कार्यरत हैं, जिसके कारण एक राजस्व कर्मचारी को कई हल्कों का कार्यभार में रह कर कार्य करना पड़ता है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त रिक्त पदों को भरने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

शौचालय का निर्माण

*2967. श्री अनन्त कुमार सत्यार्थी--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिलान्तर्गत सदर प्रखण्ड मुंगेर के कुतलुपुर पंचायत वार्ड नं० 1, परोरा टोला में 35 घर का महादलित टोला है, जहां सार्वजनिक शौचालय नहीं रहने के कारण महादलित परिवारों को खुले आसमान में शौच जाना पड़ता है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त महादलित परिवार वालों के हित में सार्वजनिक शौचालय का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

भवन का निर्माण

*2968. श्रीमती गुड्डी देवी--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत रून्नी सैदपुर प्रखण्ड के प्र० वर्गीय पशु चिकित्सालय, बेलाही में पशु चिकित्सालय को अपना जमीन एवं मकान नहीं है वह किराये के मकान में विगत 10 वर्षों से चल रहा है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार प्र० वर्गीय पशु चिकित्सालय, बेलाही का भवन का निर्माण करने का विचार रखती है यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

कार्रवाई करना

*2969. श्री अमरनाथ गामी--दिनांक 14 फरवरी, 2012 को स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में प्रकाशित ''शहर की सफाई व्यवस्था में धांधली'' शीर्षक के आलोक में क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा नगर निगम में 40 फीसदी सफाई कार्य ए०टू०जेड० द्वारा कराने के बावजूद नगर निगम में ट्रैक्टरों एवं फ्रंड लोडर मशीन में डीजल की आपूर्ति पहले की अपेक्षा बढ़ गई है;

(2) क्या यह बात सही है कि ढाई लाख रुपये का डीजल मात्र 32 वार्डों में कूड़ा उठाव में खर्च किये गये हैं, जबकि कूड़ा का उठाव नहीं हुआ है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार इसकी जाँच कराते हुए दोषी पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने का विचार रखती है ?

प्राक्कलन स्वीकृत करना

*2970. श्री रामदेव महतो--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के मधुबनी नगर परिषद् के कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा वर्ष 13 अप्रैल, 2009 में ही मधुबनी नगर परिषद् के अन्तर्गत पड़ने वाले सड़क एवं नालों का प्राक्कलन बनाकर उप-सचिव, नगर विकास विभाग, पटना को भेजा गया लेकिन प्राक्कलन को अभीतक स्वीकृत नहीं किया गया है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कबतक उक्त प्राक्कलन को स्वीकृत करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

जीर्णोद्धार करना

*2971. श्री अरूण कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना के प्रेमचन्द्र गोलम्बर पिछले दो वर्षों से रख-रखाव के अभाव के कारण मुंशी प्रेमचन्द की प्रतिमा के साथ-साथ यह गोलम्बर परिसर भी जीर्ण-शीर्ण हो गया है, यदि हां, तो क्या सरकार इसकी जीर्णोद्धार कबतक करने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

---------

सफाई व्यवस्था नियमित करना

*2972. श्री जितेन्द्र कुमार राय--स्थानीय हिन्दी दैनिक दिनांक 12 दिसम्बर, 2011 को प्रकाशित शीर्षक ''पूरे साल क्यों नहीं होती ऐसी सफाई'' को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राजधानी में सफाई व्यवस्था की कुव्यवस्था पर दिसम्बर, 2011 में माननीय पटना उच्च न्यायालय द्वारा कड़ी आपत्ति व्यक्त की गई है;

(2) क्या यह बात सही है कि शहर के सफाई व्यवस्था दुरूस्त नहीं रहने के कारण कई तरह की गम्भीर बीमारियाँ फैलती हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार राजधानी की सफाई व्यवस्था नियमित रूप से कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

चापाकल लगाना

*2973. श्री विनय कुमार सिंह--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत सोनपुर नगर पंचायत में पेयजल हेतु 42 अदद चापकल 31 हजार 750 रुपया प्रति चापकल की दर से कुल 13 लाख 33 हजार 920 रुपया वर्ष 2007-08 में दी गई;

(2) क्या यह बात सही है कि नगर पंचायत सोनपुर द्वारा चापकल गाड़ने हेतु निविदा दो बार आमंत्रित किया गया, परन्तु एक भी निविदा लेने वाले भाग नहीं लिया;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार नगर पंचायत, सोनपुर को आवंटित चापाकल कबतक लगाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

नालों को ढ़कना

*2974. श्री अशोक कुमार--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि ए०एन० कॉलेज, बोरिंग रोड, पटना के पास से गुजरने वाला सिवरेज नाला बोरिंग कैनाल सिवरेज नाले में मिलता है;

(2) क्या यह बात सही है कि कचरे से भरा यह नाला कहीं खुला है, तो कहीं ढ़का हुआ है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सिवरेज नाले की सफाई कराते हुए पूरे नाला को ढ़कने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

## होल्डिंग टैक्स का भुगतान

*2975. श्री मंजीत कुमार सिंह--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य विद्युत् बोर्ड द्वारा पटना नगर निगम का वित्तीय वर्ष 2011-12 तक में होल्डिंग टैक्स मद में 2 अरब 9 करोड़ 39 लाख 8 हजार 19 रु० का बकाया राशि का भुगतान नहीं किया गया है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार पटना नगर निगम के बकाये होल्डिंग टैक्स का भुगतान कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

## पशु चिकित्सालय की स्थापना

*2976. श्री विजय कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, पशु मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिलान्तर्गत बड़हिया प्रखण्ड के पंचायत क्षेत्र चेतन टोला एवं हलसी प्रखण्ड के सिरखिडी पंचायत के नौमा ग्राम में पशु चिकित्सालय नहीं रहने से पशुओं का समुचित इलाज नहीं हो पा रहा है;

(2) यदि उपरोक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार खण्ड 1 में उक्त स्थान पर पशु चिकित्सालय स्थापना करने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-----------

## कार्रवाई करना

*2977. श्री अमरनाथ गामी--दिनांक 12 फरवरी, 2012 को स्थानीय हिन्दी दैनिक में प्रकाशित ''बनते ही टूटने लगा स्लैब'' शीर्षक के आलोक में क्या मंत्री, नगर विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2007 में दरभंगा शहर के बी०आई०पी० एवं लोहिया चौक से शिवधारा तक जर्जर सड़क एवं नाला के जीर्णोद्धार 32 करोड़ रुपये से कराया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि इरकॉन कम्पनी द्वारा सह-अभिकर्त्ता के माध्यम से कार्य गुणवत्ता के अनुरूप नहीं कराया गया जिससे सड़क एवं नाला की स्थिति अत्यन्त ही जर्जर हो गई है;

(3) क्या यह बात सही है कि स्लैब टूटने से कई दुर्घटना बेला स्थान पर हो चुकी है;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार इसकी जाँच कराते हुए दोषी अभिकर्त्ता के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने का विचार रखती है ?

------------

## अतिक्रमण से मुक्ति

*2978. श्री शिवजी राय--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिले के मधुबन प्रखण्ड में श्री कृष्ण गौशाला, मधुबन को अतिक्रमण से मुक्ति कराने हेतु जिलाधिकारी, पूर्वी चम्पारण को 8 माह पूर्व सूचना दी गई है, जिसपर अभीतक कोई कार्रवाई नहीं की गई है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त गौशाला की जमीन को अतिक्रमण से मुक्त कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-----------

## खाद्यानों की आपूर्ति

*2979. श्रीमती पुनम देवी यादव--स्थानीय हिन्दी दैनिक दिनांक 24 फरवरी, 2012 को समाचार में प्रकाशित शीर्षक ''गोदाम प्रबंधक के मनमानी की शिकायत'' को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिला में जिला खाद्य प्रबंधक एवं ध्यानल परिवहन अभिकर्त्ता द्वारा सरकारी गोदामों से घटिया एवं कम खाद्यान्न विगत 5 वर्षों से उपलब्ध कराया जा रहा है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार इसकी जाँच कराकर दोषी पदाधिकारियों पर कार्रवाई करते हुए खगड़िया जिला में सरकारी खाद्यान्नों की आपूर्ति समुचित रूप से कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

जाँच कर कार्रवाई करना

''घ''-*2980. श्रीमती सुनीता सिंह--क्या मंत्री, सहकारिता विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिले के बेलसंड एवं परसौनी प्रखण्ड में कृषि बीमा बैंक द्वारा 19 प्रतिशत की दर से कृषकों को फसल बीमा का भुगतान किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त जिले के रीगा प्रखण्ड में कृषि बीमा बैंक द्वारा कृषकों को 75 प्रतिशत की दर से उक्त भुगतान किया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इसकी जाँच कर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पैक्स गोदाम बनाना

*2981. श्री वीरेन्द्र सिंह--क्या मंत्री, सहकारिता विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला के वजीरगंज एवं मानपुर प्रखण्डों के किसी भी पंचायतों में पैक्स गोदाम नहीं है;

(2) क्या यह बात सही है कि वजीरगज प्रखण्ड में 19 पंचायत है जिसमें क्रमशः महुपत, भहुआईन, तरमा, कारीसोवा, हरिजन गांव, मिध्या सहिया एवं जमुआवा पंचायत एवं वजीरगंज प्रखण्ड के 12 पंचायतों में 8 पंचायत क्रमशः भारे, उसरी, धनौत, गेटे, मईया, सोहेपुर, नौरंगा एवं लखनपुर पंचायतों में पैक्स गोदाम नहीं बना है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार वजीरगंज एवं मानपुर के शेष बचे उक्त पंचायतों में पैक्स गोदाम बनाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

जलापूर्ति की व्यवस्था

*2982. श्री ज्ञानचन्द मांझी--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिला अन्तर्गत गड़खा प्रखण्ड के ग्राम बसंत, ग्राम धनौड़ा, ग्राम धर्मबागी, ग्राम साधपुर, ग्राम अलोनी, ग्राम चिन्तामणगंज और सदर प्रखण्ड के ग्राम डोरीगंज इन सभी स्थानों पर बड़ा बाजार लगता है, जहां पेयजल की समुचित व्यवस्था नहीं रहने के कारण लोगों को पेय जलापूर्ति में काफी कठिनाई होती है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त सभी स्थानों पर कबतक जल मीनार का निर्माण कर पाईप लाईन जलापूर्ति की समुचित व्यवस्था करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

पाईप लाईन की मरम्मती

*2983. श्री सुरेश चंचल--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत सकरा एवं मुरौल प्रखण्ड परिसर में स्थापित ग्रामीण जलापूर्ति योजना का पाईप लाईन क्षतिग्रस्त रहने के कारण पानी की योहीं बर्बादी हो रही है और पानी सड़क पर जमा हो रहा है, जिससे जलापूर्ति में बाधा होती है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त क्षतिग्रस्त पाईप लाईन की मरम्मती शीघ्र कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

नोट-''घ''-कृषि विभाग के ज्ञापांक 1125, दिनांक 13 मार्च, 2012 द्वारा सहकारिता विभाग में स्थानान्तरण ।

### नाला का निर्माण

*2984. मो० आफाक आलम--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियां जिलान्तर्गत कसबा नगर पंचायत अन्तर्गत के खिरनी बाजार होते हुए दुर्गास्थान से मदार घाट गुमटी तक गुमटी से कोशीघाट तक नाला नहीं होने के कारण विगत 10 वर्षों से उक्त क्षेत्रों में जल-जमाव होता है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त नाला का निर्माण कराने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

### अतिक्रमण मुक्त कराना

*2985. श्री जय कुमार सिंह--क्या मंत्री, विधि (धार्मिक न्यास) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत दिघवारा प्रखंड के आमी ग्राम में मां अम्बिका भवानी का प्रसिद्ध मंदिर अवस्थित है, जिसमें 10 एकड़ जमीन है, जहां प्रत्येक वर्ष दो बार मेला लगता है जिससे सरकार को राजस्व की प्राप्ति होती है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त जमीन का दो एकड़ भूमि श्री मदन सिंह, श्री जंगली सिंह एवं अन्य 5 व्यक्तियों द्वारा अतिक्रमण कर लिया गया है, जिससे मेला आयोजन में कठिनाई होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त जमीन को अतिक्रमण से मुक्ति कराते हुए चहारदीवारी का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

### पानी टंकी चालू करना

*2986. श्री नीरज कुमार सिंह--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सुपौल जिला के छातापुर प्रखंड अन्तर्गत छातापुर में तीन वर्ष पूर्व पानी टंकी बनकर तैयार है एवं पाईप लाईन का कार्य भी पूर्ण कर लिया गया है, लेकिन उससे अभीतक जलापूर्ति नहीं की जा रही है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त पानी टंकी को यथाशीघ्र चालू कराने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

---------

### दुकानों का संचालन

''च''-*2987. श्री विनय कुमार सिंह--क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य सरकार ने वित्तीय वर्ष 2010-11 में निर्णय लिया है कि जन-वितरण प्रणाली की दुकानों का संचालन पैक्स के माध्यम से किया जायेगा;

(2) क्या यह बात सही है कि सारण जिला के सोनपुर प्रखंड आजतक जन-वितरण प्रणाली की दुकान पैक्स के माध्यम से नहीं किया जाता है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सोनपुर प्रखंडान्तर्गत सभी जन-वितरण प्रणाली की दुकानों का संचालन पैक्स के माध्यम से करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

नोट--''च'' सहकारिता विभाग के ज्ञापांक 1114, दिनांक 16 मार्च, 2012 द्वारा खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग में स्थानांतरित ।

केन्द्र प्रारम्भ करना

*2988. श्रीमती मंजु हजारी--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के रोसड़ा प्रखंड में नवनिर्मित ''किसान भवन'' में ''आत्मा'' योजना के तहत ''कृषक सूचना एवं सलाहकार केन्द्र'' नहीं रहने के कारण किसानों को कठिनाई होती है, यदि हां, तो सरकार कबतक उसे प्रारम्भ करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पदस्थापन करना

*2989. श्री परमानन्द ऋषिदेव--क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत रानीगंज एवं भरगामा प्रखंड में 9 माह से एम०ओ० का पद रिक्त है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त रिक्त एम०ओ० का पदस्थापन करने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

कब्जा दिलाना

*2990. श्री मनोहर प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के मनिहारी अनुमंडल वाद संख्या 3/76-77 में रामवृक्ष ऋषि, गोवर्द्धन ऋषि वाद संख्या 1/84-85 में वंशी ऋषि मो० कलबतिया, मो० पत्तो, मो० जलेश्वरी, मांगन ऋषि, विपिन ऋषि, गुलाबी ऋषि, सीताराम ऋषि, पन्ना ऋषि, मो० फोगनी, रामविलास ऋषि, शोभत रविदास, राम खेलावन ऋषि वाद संख्या 3/91-92 में शोभत रविदास, धर्मराज रविदास सभी गांधीटोला, थाना अमदाबाद, जिला कटिहार को जमीन बन्दोबस्ती किया गया है, लेकिन उक्त जमीन पर नसी विश्वास, वीसर विश्वास मोकाम काला दियारा, जिला कटिहार की कब्जा है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार इन महादलितों को बन्दोबस्त भूमि पर कब्जा दिलाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

पानी टंकी का निर्माण

*2991. श्री संजय सिंह टाईगर--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला स्थित संदेश प्रखंड के अखगांव बाजार एवं उसके आस-पास शुद्ध पेयजल आपूर्ति की समुचित व्यवस्था नहीं रहने के कारण लोगों को कठिनाई होती है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने हेतु अखगांव में पानी टंकी का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

तीन डिसमिल जमीन देना

*2992. श्री अरूण मांझी--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि महादलित परिवार (अनुसूचित जाति) को तीन डिसमिल जमीन मुहैया कराने का सरकार द्वारा वर्ष 2010 में निर्णय लिया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि पटना शहरी क्षेत्र में जगदेव पथ, मुशहरी, चुल्हाईचक, फुलवारीशरीफ, छज्जूबाग, डोमखाना, यारपुर, मुशहरी व डोमखाना के रहने वाले महादलित परिवार के लोगों को इस सुविधा से वंचित रखा गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार शहर में रहने वाले महादलित परिवार को तीन डिसमिल जमीन देने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

कार्रवाई करना

*2993. श्री राहुल कुमार--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिला के फुलवारी शरीफ प्रखण्ड अन्तर्गत बाईपास के दक्षिण खेमनीचक के सुभाषनगर में मुख्य मंत्री नगर विकास योजना के तहत नाला एवं पी0सी0सी0 सड़क निर्माण का कार्य नवम्बर, 2010 में प्रारम्भ किया गया;

(2) क्या यह बात सही है कि ह्यूम पाइप बिछाये बिना पी0सी0सी0 ढलाई किए सम्पूर्ण राशि की निकासी नवम्बर, 2010 में कर ली गई है ;

(3) क्या यह बात सही है कि संवेदक को काम तीन माह के अन्दर पूरा करना था, परन्तु डेढ़ वर्ष बीत जाने के बावजूद आजतक काम पूरा नहीं किया गया है;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त भुगतान की जाँच कराकर कार्रवाई कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

भवन का निर्माण करना

*2994. श्रीमती गुड्डी देवी--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत रून्नीसैदपुर प्रखण्ड के प्र0 वर्गीय पशु चिकित्सालय, तिलकताजपुर को अपनी जमीन है, लेकिन मकान नहीं है, ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार प्र0 वर्गीय पशु चिकित्सालय, तिलकताजपुर का भवन का निर्माण करने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

खाद्यान्न समय पर उपलब्ध कराना

*2995. श्री नरेन्द्र कुमार सिंह उर्फ बोगो सिंह--क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला के शाहपुर पंचायत जगदीशपुर ग्राम निवासी धरनी साव एवं विलास साव के घर में आग लगने के कारण लाल कार्ड जल गया जिससे लाभार्थी परिवार खाद्यान्न से वंचित है;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रश्नकर्त्ता सदस्य ने अपने पत्रांक 123, दिनांक 11 सितम्बर, 2011 द्वारा प्रखंड विकास पदाधिकारी, बेगूसराय को सूचित करने के बावजूद भी अभीतक कोई कार्रवाई नहीं की जा सकी है;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार लाभार्थी परिवार को वैकल्पिक व्यवस्था करते हुए खाद्यान्न समय पर उपलब्ध कराने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

पानी टंकी चालू करना

*2996. श्री राम बालक सिंह--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत विभूतिपुर प्रखण्ड के कल्याणपुर उत्तर पंचायत में पानी टंकी वर्ष 2010 से बनकर तैयार है, किन्तु उक्त पानी टंकी से पेय जलापूर्ति प्रारम्भ नहीं की गयी है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त पानी टंकी को चालू करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

स्थापना करना

*2997. श्री दुलाल चन्द्र गोस्वामी--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत बलरामपुर विधान-सभा क्षेत्रान्तर्गत बारसोई एवं बलरामपुर प्रखण्डों में कृत्रिम गर्भाधान केन्द्र नहीं रहने के कारण वहाँ के पशुपालकों को काफी कठिनाई होती है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त दोनों प्रखंडों में कृत्रिम गर्भाधान केन्द्रों की स्थापना कबतक करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

वासगीत पर्चा देना

*2998. श्री नौशाद आलम --क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला के ठाकुरगंज प्रखण्डान्तर्गत मौजा कोईया थाना नं0 204, खाता नं0 124, खेसरा नं0 64 बिहार सरकार की जमीन है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त वर्णित भूमि में महादलित समुदाय के राम स्वरूप राम, राजु सहनी, टीकारू लाल हरिजन, बिन्देश्वर हरिजन, जोखन महतो इत्यादि सहित दर्जनों परिवार गत दस वर्षों से अधिक समय से निवास करते हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त जमीन पर बसे सभी परिवारों को वासगीत पर्चा दने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

प्रतिनियुक्ति करना

*2999. श्री गोपालजी ठाकुर --क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत बेनीपुर में नगर परिषद् का गठन एक वर्ष पूर्व किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि अभीतक न नगर परिषद् का भवन निर्माण हुआ है और न कर्मियों की प्रतिनियुक्ति ही की गई है, जिसके कारण नगर परिषद् का कार्य ठप है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार नगर परिषद् का भवन तथा उसमें कर्मियों की प्रतिनियुक्ति कबतक करने का विचार रखती है,नहीं, तो क्यों ?

----------

कर का निर्धारण

*3000. श्री दुर्गा प्रसाद सिंह --क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नगर निगम एवं नगर परिषद् एवं नगर पंचायतों में नये मकानों का स्वकर निर्धारण कर होल्डिंग का टैक्स देने का प्रावधान वर्ष 2007 से किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि पुरानें मकानों में कुछ हिस्सा बनाने के उपरान्त स्वकर निर्धारण करने से वंचित रखा गया है जिससे टैक्स कलेक्टरों की कमी से होल्डिंग टैक्स निर्धारण प्रभावी रूप से नहीं हो रहा है, जिससे राजस्व की क्षति हो रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पुराने होल्डिंग में बढ़ाये गये कन्शट्रक्शनों पर करदाताओं को स्वकर निर्धारण कर टैक्स लेने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

----------

जीर्णोद्धार कराना

*3001. श्री अनन्त कुमार सत्यार्थी--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिलान्तर्गत मुंगेर शहरी क्षेत्र में वार्ड नं0 9 के वासुदेवपुर बस बिट्ठी, आई0टी0सी0 क्वार्टर से सिन्हा टोली रेलवे लाईन होते हुए मंगल बाजार मुख्य पथ गायत्री दवाखाना तक कुल लम्बाई 1200 मीटर, चौड़ाई 20 फीट तक का पथ विगत 20 वर्षों से जीर्ण-शीर्ण अवस्था में रहने के कारण आम जनता का आवागमन एवं वाहनों का यातायात बन्द हो गया है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त जीर्ण-शीर्ण पथ का जीर्णोद्धार कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

भवन का निर्माण

*3002. श्री रणधीर कुमार सोनी—क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2008 में सरकार द्वारा सभी प्रखण्डों में ई० किसान भवन का निर्माण कराने का निर्णय लिया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि शेखपुरा जिला स्थित शेखपुरा प्रखण्ड, अरियरी प्रखण्ड एवं चेवाड़ा प्रखण्डों में आजतक ई० किसान भवन का निर्माण नहीं हुआ है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त प्रखण्ड में ई० किसान भवन के निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

स्वीकृति का औचित्य

*3003. श्री श्याम बिहारी राम—क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि जैविक खेती प्रोत्साहन के तहत वर्मी कम्पोस्ट एवं जैव उर्वरक उत्पादन की व्यावसायिक यूनिट लगाने के लिए 75 से अधिक प्रस्ताव निदेशक, कृषि विभाग को प्राप्त हुए हैं, जबकि दस से कम उद्यमियों को स्वीकृति जनवरी, 2012 में आदेश दिया गया है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त योजनाओं में कम उद्यमियों की स्वीकृति देने का क्या औचित्य है ?

---

निर्माण कार्य पूरा कराना

*3004. श्री सबा जफर—क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियां जिला अन्तर्गत अमौर प्रखंड के ग्राम पं० धुपौली, विष्णुपुर, औवाड़ी, दलमालपुर, तियरपाड़ा आदि में शौचालय निर्माण कार्य वर्ष-2009 से कराया जा रहा है, जो अभी तक पूर्ण नहीं हुआ है;

(2) यदि उपरोक्त खंड का उत्तर स्वीकारातमक है, तो क्या सरकार कबतक शौचालय निर्माण कार्य पूरा कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

जमीन नामांतरण कराना

*3005. श्री विभाष चन्द्र चौधरी—क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत बरारी प्रखण्ड के भवानीपुर गाँव के श्री नथु मिस्त्री, श्री शुकदेव यादव, लक्ष्मण चौधरी, मुसाय राम एवं अन्य कुल-11 भूमिहीन किसानों को वर्ष 1956 में जिला भूदान यज्ञ कार्यालय, कटिहार द्वारा जमीन आवंटित की गई थी, जिसे गंगा नदी कटाव के पश्चात् 1958 रीभीजनल सर्वे में बिहार सरकार के नाम से खाते में दर्ज है;

(2) क्या यह बात सही है कि कार्यालय मंत्री, जिला भूदान यज्ञ कार्यालय, कटिहार ने अपने पत्रांक-17/10/100 दिनांक 8 जुलाई, 2010 द्वारा भूमि सुधार उप-समाहर्त्ता, कटिहार को 11 भूमिहीन किसानों के नाम से जमीन नामांतरण करने के संबंध स्थिति स्पष्ट करते हुए पत्र लिखा है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार 11 भूमिहीन किसानों के नाम से पुनः जमीन नामांतरण कराने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

तेल आपूर्ति करना

*3006. श्री (डॉ०) जावेद इकबाल अंसारी—क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य सरकार के द्वारा पूर्व से छात्रावास, लौज, मदरसों एवं अन्य शिक्षण संस्थान में रहकर पढ़नेवाले छात्र/छात्राओं एवं अन्य को किरासन तेल आपूर्ति का सरकारी प्रावधान है;

(2) क्या यह बात सही है कि बांका जिले में आजतक उक्त शिक्षण संस्थाओं में किरासन तेल की आपूर्ति नहीं की जा रही है, जबकि किरासन तेल का विशेष आवंटन प्रत्येक माह जिला को कराया जाता है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारातमक हैं, तो क्या सरकार उक्त शिक्षण संस्थानों में तेल आपूर्ति करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

अतिक्रमण से मुक्ति

*3007. श्री सुरेश कुमार शर्मा—क्या मंत्री, राजस्व भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर शहर स्थित मुखर्जी सेमीनरी उच्च विद्यालय के पास 1.1088 हेक्टेयर भूमि है एवं जिसमें वर्ष 1993 से लगभग 4 कट्ठा जमीन जिसमें प्राचार्य आवास बना हुआ है। श्री दीपक कुमार वर्मा द्वारा अतिक्रमण कर लिया गया है तथा इस सम्बन्ध में प्राचार्य के द्वारा जिलाधिकारी मुजफ्फरपुर को 9 जनवरी, 2007 को पत्राचार भी किया गया, लेकिन अतिक्रमण यथावत है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त अतिक्रमित भूमि को अतिक्रमण से मुक्ति कराने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

दोषियों पर कार्रवाई

*3008. श्री शिवेश कुमार—भागलपुर संस्करण में दैनिक समाचार-पत्रों में दिनांक 11 नवम्बर, 2011 को छपी खबर शीर्षक ''धान हुआ ही नहीं, करोड़ों की हुई खरीद'' दिनांक 3 फरवरी, 2012 को छपी खबर शीर्षक '' धान की अधिप्राप्ति में लाखों की गड़बड़ी'' एवं दिनांक 5 फरवरी, 2012 को छपी खबर शीर्षक ''प्रोत्साहन राशि में घपला'' के आलोक में क्या मंत्री, सहकारिता विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2010-11 में भागलपुर जिला के क्रमशः कहलगाँव, नारायणपुर, सुल्तानगंज, पीरपैंती, सन्हौला एवं शाहपुर प्रखंड में धान नहीं हुआ था परन्तु क्रमशः कहलगाँव प्रखंड अन्तर्गत औगरी पैक्स में 1.35 करोड़, बलहा पैक्स में 29 लाख एवं सिहपुर पूरब पैक्स में 20 लाख रुपये का धान खरीद किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि अंगरी पैक्स में क्रमशः राम चरित्र मंडल, मोती मंडल, अशोक साह, विजय साह, गोपाल साह, एवं अन्य के नाम से धान खरीद हुई जो इन लोगों के द्वारा धान बेचा ही नहीं गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार जाँच कराकर दोषियों पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

---

कार्रवाई करना

*3009. डॉ० अच्युतानन्द —स्थानीय हिन्दी दैनिक दिनांक 24 नवम्बर, 2011 के अंक में प्रकाशित शीर्षक ''डेयरी के लिए मदद देने में आनाकानी करते हैं बैंक के'' को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में प्रतिदिन प्रति व्यक्ति दुध की उपलब्धता मात्र 164 ग्राम है जबकि देश में प्रतिदिन प्रति व्यक्ति उपलब्धता 250 ग्राम है;

(2) क्या यह बात सही है कि राज्य के बैंकों में डेयरी के विकास हेतु लोन के 11164 आवेदन लम्बित है;

(3) क्या यह बात सही है कि राज्य के व्यापारिक बैंक राज्य के किसानों को डेयरी के लिए कर्ज देने में कोई रूची नहीं रखते हैं;

(4) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार राज्य के किसानों को डेयरी विकास एवं दुध की राष्ट्रीय स्तर की उपलब्धता प्राप्त करने के लिए कौन-सी कार्रवाई करने का विचार रखती है?

---

पथ का निर्माण

*3010. श्री विक्रम कुंवर—क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना के दानापुर अधीन गोला रोड स्थित दिल्ली मॉडल पब्लिक स्कूल से पश्चिम-दक्षिण प्रदीप बाबू एवं उत्तम बाबू के बीचो-बीच गोला रोड से स्व० नन्दकिशोर सिंह के मकान तक पथ नहीं रहने के कारण वहां के निवासियों को वर्षात के दिनों में आवागमन में काफी कठिनाई होती है;

(2) क्या यह बात सही है कि वहां के आवासियों द्वारा वर्ष 2010 से ही पथ के निर्माण हेतु संबंधित विभाग से अनुरोध किया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पथ का निर्माण जनहित में कराने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पुन: स्थापित करना

*3011. श्री अखतरूल इस्लाम शाहीन—क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत अवस्थित जिला गव्य विकास कार्यालय को मधुबनी जिला में स्थापित वर्ष 2010 में कर दिया गया है जिससे वहाँ के पशुपालन किसनों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार समस्तीपुर जिला मुख्यालय में गव्य विकास कार्यालय को पुन: स्थापित करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

दखल कब्जा दिलाना

*3012. श्री रमेश ऋषिदेव—क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिलान्तर्गत कुमारखण्ड, सिंहेश्वर, शंकरपुर, मुरलीगंज, गुवालपाड़ा, बिहारीगंज आदि प्रखण्डों के महादलित परिवारों को विगत 15 वर्ष पूर्व सिलिंग जमीन का पर्चा दिया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त प्रखण्ड में महादलित परिवार को भी यथा जनक ऋषिदेव, मसोमात मनीया देवी, राजेन्द्र ऋषिदेव, गजेन्द्र ऋषिदेव, छोटी ऋषिदेव, विन्देश्वरी ऋषिदेव, विजय ऋषिदेव, रामचन्द्र ऋषिदेव आदि को आजतक जमीन पर दखल कब्जा नहीं हो सका है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त महादलित परिवारों को जमीन का दखल कब्जा दिलाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

जलापूर्ति करना

*3013. श्री संजय सिंह ''टाईगर''—क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत उदवन्तनगर प्रखण्ड के बेलाउर गाँव में बना पानी टंकी पूरी तरह जर्जर हो चुका है तथा उससे जलापूर्ति भी बन्द है;

(2) क्या यह बात सही है कि जलापूर्ति बन्द होने के कारण उक्त गाँव के लोग आर्सेनिक युक्त जल पीने को बाध्य हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बेलाउर में जर्जर पानी टंकी के बदले नया टंकी निर्माण कर जलापूर्ति करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

किरासन तेल और अनाज देना

*3014. श्री कृष्ण नन्दन यादव—क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला के नीमचक-बथानी प्रखण्ड के ग्राम पंचायत मनियारा के सीमर भूक्का एवं ग्राम पंचायत बथानी के माधी बिगहा, जन-वितरण प्रणाली के दुकानदार गरीब एवं कमजोर तथा महादलितों एवं अति पिछड़ों, पिछड़ों को किरासन तेल एवं अनाज श्री अन्ना यादव, बथानी, श्री अर्जुन राम, बथानी एवं मोख्तार यादव, दुकानदार द्वारा दो माह पर भी नहीं दिया जाता है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त प्रखण्डों के ग्राम पंचायतों में प्रतिमाह तथा उचित मूल्य पर किरासन तेल एवं अनाज देने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

### ट्यूबवेल लगाना

*3015. श्री श्रवण कुमार—क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला के अन्तर्गत राजगीर प्रखण्ड के धासी विगहा, दलित टोला, मजैठा, खरजमा, अजीमाबाद, मोहनपुर, दुहई-सुहैय, कोलबाद, विणपुर, कहटा मुशहर टोली इत्यादि गाँवों के पानी में आर्सेनिक पायी जाती है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार शुद्ध पेय जलापूर्ति हेतु मिनी पानी ट्यूबवेल लगाने का विचार रखती है, हां, तो कबतक ?

---

### अनाज की आपूर्ति

*3016. श्री कुमार शैलेन्द्र—क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत नारायणपुर, विहपुर एवं खरीक प्रखंड के 37 पंचायतों इसमें 25 प्रतिशत लोगों को जो गरीब, अतिपिछड़ा, दलित-महादलित है उसको अनाज विगत नव माह से नहीं मिला है, जिससे वहाँ को लोगों में आक्रोश व्याप्त है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार इसकी जाँच कराकर दोषी पदाधिकारियों पर कार्रवाई करते हुए वहाँ के लोगों को नियमित रूप से अनाज की आपूर्ति करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

### मुआवजा देना

*3017. श्री अवनीश कुमार सिंह—क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के ढाका-बेलवाघाट पथ के निर्माण के लिये वर्ष 1987-88 में भू-अर्जन कर पथ बना दिया गया परन्तु आजतक भू-अर्जन की मुआवजा वहाँ के किसानों को नहीं दिया गया है, यदि हां, तो सरकार कबतक किसानों को भू-अर्जन का मुआवजा देने का विचार रखती है ?

---

### कार्रवाई करना

*3018. श्रीमती सुनीता सिंह—क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि शिवहर जिले में कृषि यांत्रिकीकरण योजनाओं के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2010-11, 2011-12 में कृषि यंत्रों पावर टीलर, ट्रैक्टर, हार्वेस्टर आदि के खरीद में 5 करोड़ रुपया का अनुदान दिया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि खरीदे गये यंत्रों का विभागीय स्तर पर भौतिक सत्यापन किये बिना ही अनुदान की राशि दी गयी है;

(3) क्या यह बात सही है कि प्रश्नकर्ता सदस्या द्वारा वर्ष 2010 में जिला पदाधिकारी, शिवहर को जाँच कराने हेतु पत्र दिया गया था परन्तु अभीतक जाँच नहीं हुई है;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इसकी जाँच कराकर कार्रवाई करने का विचार रखती है ?

---

### राजस्व कर्मचारी का पदस्थापन

*3019. श्री कुमार शैलेन्द्र—क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के विहपुर, नारायणपुर एवं खरीक प्रखण्डों में पंचायत राजस्व कर्मचारियों का पद रिक्त रहने के कारण आम जनता के राजस्व संबंधी कार्य ससमय नहीं हो पाता है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त प्रखण्डों में पंचायत राजस्व कर्मचारियों को पदस्थापन करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

कार्रवाई करना

*3020. श्री रामसेवक हजारी--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के कल्याणपुर प्रखण्ड एवं पुसा प्रखण्ड के सभी 44 (चौवालीस) पंचायतों का जल स्तर काफी नीचे चला गया है फलस्वरूप अधिकांश चापाकल बन्द हो गये हैं, जिससे पेयजल आपूर्ति में कठिनाई होती है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त प्रखण्डों में चापाकल को चालू करने हेतु कौन-सी कार्रवाई कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सम्प स्टेशन बनाना

*3021. श्री नितिन नवीन--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना शहर के जक्कनपुर, चांदपुर बेला, पुरन्दरपुर स्थित दो पुलवा एवं तीन पुलवा नाले के माध्यम से जल निकासी होती है जो जल सम्प हाउस के अभाव में चाणक्या लॉ स्कूल के पास के क्षेत्र में चला जाता है और नागरिकों एवं विद्यार्थियों को इससे घोर असुविधा होती है, यदि हां, तो क्या सरकार वहाँ जल निकासी हेतु सम्प स्टेशन बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सेवा में वापस करना

*3022. श्री राम प्रवेश राय--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि श्री शिवचरण महतो सहित सैकड़ों दैनिक वेतनभोगी कर्मियों को सेवा से वर्ष 1996 से विभाजन समाप्त कर दिया है, जबकि वे लोग 20 वर्षों से कार्यरत रहे हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि बिहार सरकार ने कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग के संकल्प ज्ञापांक 3/एम०-30/2005 का० 639, दिनांक 16 मार्च, 2006 द्वारा यह निर्णय लिया था कि दो सौ चालीस दिनों तक काम करने वाले दैनिक वेतनभोगी कर्मियों की सेवा स्थायी की जाएगी ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार श्री शिवचरण महतो सहित वैसे सभी दो सौ चालीस दिनों तक काम करने वाले छटनीग्रस्त कर्मियों को सेवा में वापस होने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

कार्रवाई करना

*3023. श्री संजय सरावगी--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2006-07 से 12 वित्त एवं नगर विकास की 30 करोड़ की राशि से दरभंगा शहरी जलापूर्ति योजना का अधितिकरण एवं विस्तारीकरण में 8 जलमीनार, 12 नलकूप, 596 स्टैण्ड पोस्ट एवं 111.7 कि०मी० पाईप लाईन बिछाने का कार्य स्वीकृत हुआ है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पाईप लाइन बिछाने में संवेदक मेसर्स किर्लोस्कर ब्रदर्स द्वारा पूरे शहर में सड़क किनारे बेतरतीव ढंग से कम गड्ढा खोदकर प्राक्कलन के विपरीत कार्य किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जाँच कराकर इस संबंध में कौन-सी कार्रवाई कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

भुगतान करवाना

*3024. श्रीमती पूनम देवी यादव--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि खगड़िया, मुंगेर जिला से अलग होकर वर्ष 1982 में अलग जिला बनने के उपरान्त अगुवानी-सुल्तानगंज गंगाघाट के राजस्व वसूली में खगड़िया जिला और भागलपुर जिला का बराबर हिस्सेदारी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्ष 1982 से अगुवानी-सुल्तानगंज घाट का राजस्व वसूली की राशि भागलपुर नजारत शीर्ष खाता 0075 में जमा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खगड़िया जिला परिषद् का हिस्सा वर्ष 1982 से भुगतान करवाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

बोरिंग से पानी चालू कराना

*3025. श्री जितेन्द्र कुमार--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिलान्तर्गत अस्थावाँ विधान-सभा क्षेत्र के ग्राम बेनार में सेन्ट्रल ग्राउण्ड वाटर बोर्ड द्वारा 10 वर्ष पूर्व बोरिंग कराया गया है, लेकिन आजतक बोरिंग से पानी चालू नहीं कराया गया है, यदि हां, तो इसका क्या औचित्य है ?

--------

गाद को साफ कराना

*3026. श्री रामदेव महतो--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के मधुबनी नगर परिषद् के वाटसन कैनाल एवं किंग्स कैनाल पूरी तरह से गाद से भरा हुआ है, जिसके कारण पानी का निकासी नहीं हो पा रहा है ;

(2) यदि उपरोक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कबतक कैनाल से गाद को साफ कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

भूमि उपलब्ध कराना

*3027. श्री सम्राट चौधरी उर्फ राकेश कुमार--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि जहानाबाद जिलान्तर्गत काको अंचल के सकाईपुर राजस्व ग्राम में महादलित वर्ग के 200 परिवारों को वास हेतु तीन डिसमिल भूमि उपलब्ध नहीं करायी गयी है, जिससे वे लोग नहर के किनारे बसे हुए हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि महादलित भूमिहीन को तीन डिसमिल भूमि वर्ष 2009 में उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त महादलित परिवारों को वास हेतु तीन डिसमिल भूमि उपलब्ध कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पदाधिकारी पर कार्रवाई

*3028. श्री रामायण मांझी--क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जिला अन्तर्गत गुठनी प्रखण्ड के 12 (बारह) पंचायतों का अन्त्योदय, अन्नपूर्णा, (बी०पी०एल०) धारकों को दिसम्बर, 2011, जनवरी, 2012, फरवरी, 2012 माह का खाद्यान्न नहीं दिया गया है, यदि हां, तो क्या सरकार इसकी जाँच कराते हुए दोषी पदाधिकारी पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

दाखिल खारिज कराना

*3029. श्री वैद्यनाथ सहनी-- क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत मोरवा प्रखंड के कृषकों को दाखिल खारिज कराने हेतु पन्द्रह हजार दस्तावेज विगत छः वर्षों से लंबित है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त प्रखंड के कृषकों के दस्तावेज का दाखिल खारिज कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पानी टंकी का निर्माण

* 3030. श्री सतीश चन्द्र दूबे-- क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मोतिहारी जिला स्थित नरकटियागंज नगर परिषद में पानी टंकी का निर्माण नहीं होने से जलापूर्ति की समुचित व्यवस्था नहीं हो पाती है, यदि हां, तो सरकार कबतक उक्त स्थान पर पानी टंकी का निर्माण करने का विचार रखती है ?

--------

रिक्त पदों पर पदस्थापन

* 3031. श्री विनोद कुमार सिंह-- क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के आजमनगर अंचल में 16 हल्का कर्मचारी का पद स्वीकृत है जबकि मात्र 7 पंचायत हल्का कर्मचारी पदस्थापित है एवं 9 पद रिक्त है जिसके चलते राजस्व की वसूली में काफी कठिनाई होती है, यदि हां, तो सरकार उक्त रिक्त पदों पर पदस्थापन कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

प्रयोगशाला खोलना

* 3032. श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह-- क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत नवीनगर प्रखंड में मिट्टी जाँच प्रयोगशाला नहीं है, यदि हां, तो सरकार उक्त प्रखंड में मिट्टी जाँच प्रयोगशाला खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पानी निकासी की व्यवस्था

* 3033. श्री प्रमोद कुमार-- क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिला के फुलवारीशरीफ प्रखंड स्थित पश्चिमी रामकृष्ण नगर, पटना नगर निगम के अधीन है जहाँ निगम द्वारा टैक्स भी वसूला जाता है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त मुहल्ला में सड़क पर हमेशा पानी जमा रहता है जिससे आम नागरिकों को पैदल चल पाना मुश्किल हो जाता है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त मुहल्ला में जनहित में पानी निकासी का स्थायी व्यवस्था कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

स्थापना करना

* 3034. डॉ० अब्दुल गफूर-- क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला मुख्यालय में दुग्ध सितलीकरण केन्द्र नहीं रहने के कारण पशु पालकों को दुध का उचित कीमत नहीं मिल रहा है;

(2) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला के करीब 500 राजस्व ग्रामों में पशु पालकों द्वारा 10,000 ली० से अधिक दुध उत्पादन किया जाता है परन्तु एक भी गाँव में दुग्ध संचय हेतु सरकारी समितियों का गठन नहीं किया गया है जिस कारण पशु पालकों की स्थिति दयनीय है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार पशु पालकों की परेशानी को देखते हुए सहरसा जिला मुख्यालय में दुग्ध सितली केन्द्र का स्थापना करना चाहती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पशु चिकित्सा केन्द्र खोलना

* 3035. श्री जनक सिंह-- क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत इसुआपुर प्रखंड के विशुनपुरा, डोईला, केरवा एवं पानापुर प्रखंड के तुर्की, सतजोड़ा, भगवानपुर तथा तरैया प्रखंड के पचरौड़, फरीदनपुर मठीया एवं गवन्दी में पशु चिकित्सा केन्द्र नहीं रहने के कारण इस क्षेत्र के पशुपालकों को काफी कठिनाई होती है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त स्थानों पर पशु चिकित्सा केन्द्र खोलने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पानी टंकी चालू करना

* 3036. श्री शिवेश कुमार-- क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत चरपोखरी प्रखंड के चरपोखरी एवं नगरी बाजार में वर्ष 2009 से पानी टंकी बनकर तैयार है लेकिन उसे अभीतक चालू नहीं किया गया है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त पानी टंकी को कबतक चालू कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

योजना को मुर्त्तरूप देना

* 3037. श्री अमरेन्द्र प्रताप सिंह-- क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के आरा शहर में वर्ष 2008 में जल निकासी हेतु 110 कि०मी० नाले का निर्माण कराने हेतु एन०बी०सी०सी० द्वारा योजना तैयार करवाया था जिसपर 311 करोड़ रुपये की राशि खर्च होने का अनुमान थी परन्तु इसके आगे की कार्रवाई अभीतक लंबित है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उपरोक्त योजना को मुर्त्तरूप देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पदस्थापन करना

*3038. श्री अजीत कुमार--क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत कांटी एवं मडवन प्रखण्डों में विगत छः माह से पनन पदाधिकारी (एम०ओ०) का पद रिक्त है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त प्रखण्डों में पनन पदाधिकारी (एम०ओ०) की रिक्त पदों पर पदस्थापन करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

रख-रखाव की व्यवस्था

*3039. श्री तारकिशोर प्रसाद--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार नगर स्थित शहीद मेजर आशुतोष पार्क का राष्ट्रीय सम-विकास योजना अन्तर्गत उन्नयन वर्ष 2009-10 में किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पार्क रख-रखाव के अभाव में खराब हो गयी है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पार्क के रख-रखाव की व्यवस्था करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

कार्रवाई करना

*3040. डॉ० इजहार अहमद--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र दिनांक 9 जनवरी, 2012 को प्रकाशित शीर्षक ''हर होर्डिंग की साइज में गोल-माल'' को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, नगर विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत पटना होर्डिंग से पटा हुआ है, पर निगम की आमदनी नहीं के बराबर है;

(2) क्या यह बात सही है कि अधिकांश होर्डिंग स्वीकृत साइज से बड़े लगे हुए हैं, जिसका खुलासा नगर आयुक्त द्वारा जाँच के क्रम में वर्ष 2011 में हुआ जिसमें 376 होर्डिंग में अनियमितता बरती गई है;

(3) क्या यह बात सही है कि होर्डिंग लगाने हेतु निगम द्वारा स्वीकृति चिरैयाटांड पुल के निकट का है और होर्डिंग बेली रोड पर लगाये गए हैं इससे निगम की आमदनी में घाटा भी हो रहा है;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इसकी जाँच कर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

जलमीनार बनवाना

*3041. श्री विनोद कुमार सिंह--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के प्राणपुर प्रखण्ड में जलमीनार नहीं रहने के कारण वहां के निवासियों को जल आपूर्ति में काफी कठिनाई होती है, यदि हां, तो क्या सरकार प्राणपुर में जलमीनार बनवाने का विचार रखती है ?

जलापूर्ति योजना चालू करना

*3042. श्री प्रेमरंजन पटेल--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिला अन्तर्गत सूर्यगढ़ा प्रखण्ड के महम्मदपुर पंचायत के लोगों के लिये शुद्ध पीने के पानी के लिए जलापूर्ति योजना का खेमतरनी स्थान में निर्माण वाटर टावर सहित बोरिंग का कार्य वर्ष 2010 में पूर्ण किया जा चुका है, लेकिन उसे अभीतक चालू नहीं होने से लोगों को पानी नहीं मिल रहा है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार खेमतरनी स्थान स्थित जलापूर्ति योजना को चालू करने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

बाजार का स्थानांतरण

*3043. श्री दिनेश कुमार सिंह--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत जगदीशपुर नगर में सब्जी मार्केट का उद्घाटन माननीय विधायक, नगर परिषद्, अध्यक्ष एवं कार्यपालक दंडाधिकारी के उपस्थिति में दिनांक 17 जनवरी, 2012 को हुआ;

(2) क्या यह बात सही है कि नवनिर्मित सब्जी मार्केट का उद्घाटन के बावजूद सब्जी बाजार बीच नगर के सड़क किनारे लग रहा है, जिससे आए दिन यातायात दुर्घटना की संभावना बनी हुई रहती है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सब्जी बाजार को नवनिर्मित सब्जी मार्केट में ले जाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

जीर्णोद्धार करना

*3044. श्री विनोद प्रसाद यादव--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत नगर पंचायत, शेरघाटी में एक शिवाला मंदिर के सामने पुरानी चट्टी मुहल्ले के समीप एक मुगलकालीन तालाब है, जिसकी मरम्मती नहीं होने से जर्जर स्थिति में हो गई है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त तालाब का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

पटना :
दिनांक 29 मार्च, 2012 (ई०) ।

लक्ष्मीकान्त झा,
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान-सभा ।

बि०स०मु० (एल०ए०), 165--डी०टी०पी०--450